# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**170/2026***

## राज्यपाल ने बिहारवासियों को ईद–ए–मीलाद–उन–नबी की बधाई दी

**पटना 25 अगस्त, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने पैगम्बर–ए–इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन 'ईद–ए–मीलाद–उन–नबी' के पावन अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि हजरत मोहम्मद साहब ने मानवता को प्रेम, करूणा, भाईचारा, समानता और शांति का संदेश दिया था, जो आज के समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ 'ईद–ए–मीलाद–उन–नबी' को मनाने की अपील की है।

......................................